डब्ल्यूपीएल सीजन-5

डब्ल्यूपीएल सीजन-5 का आयोजन 6 से, रजिस्ट्रेशन कराने महिलाओं में लगी होड़, वियाना स्पोर्ट्स एरिना की शानदार पहल

# बिगर और बोल्डर थीम पर खेली जाएगी वीमेन्स प्रीमियर लीग



जबलपुर 25 मई। वियाना स्पोर्ट्स एरिना द्वारा आयोजित वीपीएल विमेंस प्रीमियर लीग डब्ल्यूपीएल सीजन-5 का आयोजन 6 से 12 जून तक किया जाएगा। ग्वारीघाट रेत नाका स्थित वियाना स्पोर्ट्स एरिना द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट को इस वर्ष बिगर एडं बोल्डर थीम के साथ पेश किया जा रहा है। इसमें 27 वर्ष या उससे अधिक उम्र की महिलाएं भाग ले सकेंगी। प्रतियोगिता प्रतिदिन शाम 6 बजे से शुरू होगी।

### नवभारत एवं सेण्ट्रल क्रॉनिकल होंगे मीडिया पार्टनर

वियाना स्पोर्ट्स एरीना द्वारा आयोजित इस स्पर्धा के दौरान नवभारत एवम सेंट्रल क्रॉनिकल का विशेष सहयोग रहेगा। कार्यक्रम की आयोजक तेजल प्रियांश गुप्ता के अनुसार 12 जून तक चलने वाला यह टूर्नामेंट 8 ए साइड प्रारूप में खेला जाएगा। प्रत्येक टीम में 8 खिलाड़ी और 2 सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी शामिल रहेंगे।

### 'स्टार प्लेयर' की नई व्यवस्था भी लागू की गई

आयोजकों के अनुसार टूर्नामेंट में 'स्टार प्लेयर' की नई व्यवस्था भी लागू की गई है। टूर्नामेंट में विजेता और उपविजेता टीमों को नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा फेयर प्ले टीम अवॉर्ड, डिजिटल डोमिनेटर्स टीम अवॉर्ड, वुमन ऑफ द मैच, बेस्ट परफॉर्मर, बेस्ट बैटर, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर, एमवीपी के साथ ही मैक्सिमम सिक्स अवॉर्ड भी दिए जाएंगे।

### 3 जून को होगी फिक्स्चर रिवीलिंग सेरेमनी

आयोजकों के मुताबिक टीम रजिस्ट्रेशन शुल्क 6000 रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं फिक्स्चर रिवीलिंग सेरेमनी 3 जून को शाम 6 बजे से 8 बजे तक आयोजित होगी। आयोजकों ने इच्छुक टीमों से समय रहते पंजीयन कराने की अपील की है।



# सिवनी को हराकर नरसिंहपुर सेमीफाइनल में

सीएन सुब्रह्मण्यम स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता

नवभारत, जबलपुर। सीएन सुब्रह्मण्यम स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के पूल बी में नरसिंहपुर जिले विरूद्ध सिवनी जिले के मध्य खेले गए मैच में नरसिंहपुर जिले ने सिवनी जिले को 61 रनों से हरा कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

टॉस जीतकर नरसिंहपुर जिले ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान सुबीर अरोरा के शानदार 93 रनों की बदौलत 220 रन बनाए। विदित सिंह ने 34, वेदांत स्थापक ने 30 तथा मोहम्मद फराज ने 24 रन की पारी खेली। सिवनी जिले से हातिम अली ने 3, हमजा खान और रूशिल खेडिकर ने 2-2 विकेट लिए।

जवाब में सिवनी जिले ने 57 रनों पर 6 विकेट गंवाने के बाद कप्तान अक्षय मिश्रा 62 (54) रन और हमजा खान 37 ने 07 विकेट के लिए शानदार 85 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई, लेकिन टीम 159 रन ही बना पायी और उसे पराजय का सामना करना पड़ा। नरसिंहपुर जिले से कप्तान सुबीर अरोरा ने 4, गौरव जाट 0ने 3 तथा मोहम्मद फराज ने 2 विकेट लिए।

### सुबीर अरोरा बने मैन ऑफ द मैच

मैच के मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी पूर्व क्रिकेटर तथा जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव धर्मेश भाई पटेल द्वारा ओएफ खमरिया के महाप्रबंधक अशोक मीणा, पूर्व क्रिकेटर तथा जबलपुर क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष मनोज सिंह ठाकुर, अंजनी सिन्हा, योगेश गोस्वामी, सीएन कृष्णन, हरीश शर्मा युवराज विश्वकर्मा की उपस्थिति में सुबीर अरोरा को प्रदान की गई।

# इनफिनिटी क्लब सेमीफाइनल में पहुंचा

अण्डर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता



**नवभारत, जबलपुर।** संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में शिवाजी मैदान में आयोजित अण्डर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट में इनफिनिटी क्रिकेट क्लब ने संजीवनी क्लब को 26 रन से हराया और सेमीफाइनल में जगह बनाई।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इनफिनिटी क्लब ने 23 ओवर में 118 रन बनाए। हर्ष ने 44 रन बनाए। संजीवनी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए आरव ने दो विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी संजीवनी की टीम 20 ओवर में अपने सभी विकेट होकर 92 रस बनाए। टीम की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए सुवेद ने 25 और रणवीर ने 22 रन बनाए। इनफिनिटी की ओर से पर्व और अश्विन ने तीन-तीन विकेट लिए। इनफिनिटी के अश्विन को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार क्रिकेटर निखिल सिंह द्वारा प्रदान किया गया। मंगलवार को सुबह पहला सेमीफाइनल 8:30 बजे से एमएच क्रिकेट क्लब और गोल बाजार क्रिकेट क्लब के बीच खेला जाएगा।

# रोमांचक मुकाबले में क्यूसी ने सीटीआर को दी शिकस्त

स्वर्गीय आर. एस. त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता

**नवभारत, जबलपुर।** सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया के तत्वावधान में खेली जा रही स्वर्गीय आर. एस. त्रिपाठी डे नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के एक कड़े मुकाबले में क्यू. सी. टीम ने सी. टी. आर. को दो विकेट से हरा दिया। मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी क्यू. सी. ने धारदार प्रदर्शन करते हुए सी. टी. आर. को निर्धारित 10 ओवर में 51 रनों के स्कोर पर रोक दिया था। इसके बाद मिले लक्ष्य का पीछा करते हुए क्यू. सी. ने 9.5 ओवर में 52 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

इस रोमांचक रन-चेज में क्यू. सी. के बल्लेबाज रमेश चौहान ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने 18 बॉल में 19 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाई, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### पचास हजार का नगद पुरस्कार

आयोजकों ने टूर्नामेंट की भव्यता को रेखांकित करते हुए विशेष घोषणा की कि ओपन वर्ग के अंतिम विजेता को पचास हजार रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।इस बड़े मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में आयुध निर्माणी खमरिया के अधिकारी नागेंद्र शुक्ला, अनिल यादव और भगवान राम मीणा उपस्थित रहे। मैच को सुचारू रूप से संपन्न कराने में निर्णायक अपूर्व श्रीवास्तव व कमलेश तिवारी, कमेंटेटर हृदेश यादव व सुनील खत्री तथा स्कोरर अनुज मिश्रा व सुनील यादव ने अपनी भूमिकाएं निभाईं। इस खेल आयोजन के अवसर पर यूनियन के आनंद शर्मा, राकेश रंजन, अखिलेश पटेल, राकेश शर्मा, अनिल गुप्ता, धर्मेंद्र रजक, महेंद्र रजक, जीवन सिंह, दिलीप टेकाम, हनुमान मीणा, आशीष माहोर, राजीव शर्मा, अजीत यादव, प्रकाश रावत, कल्याण सिंह, हृदेश यादव, मुकेश शर्मा, शिशिर रंजन, निखिल यादव, मनोज कुमार और कुणाल कुंभारे सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और खेल प्रेमी मैदान में मौजूद रहे।



# भाजपा कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत : अजय जामवाल

जिला प्रशिक्षण वर्ग का भव्य शुभारंभ



**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का भव्य शुभारंभ गजानन मंगल भवन में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा ध्वज के ध्वजारोहण, प्रदर्शनी उद्घाटन एवं अवलोकन के साथ हुई। प्रशिक्षण वर्ग में संगठनात्मक मजबूती, वैचारिक स्पष्टता एवं कार्यकर्ता निर्माण को लेकर व्यापक मंथन किया गया।

प्रशिक्षण वर्ग के मुख्य अतिथि एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रहित और सेवा भाव से कार्य करने वाला वैचारिक संगठन है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत हैं और प्रत्येक कार्यकर्ता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी की विचारधारा एवं सरकार की योजनाओं को पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री देवेन्द्र गायकवाड़ ने किया। मध्यप्रदेश तीर्थ स्थान क्षेत्र एवं मेला प्राधिकरण अध्यक्ष विनोद गोंटिया ने 'देश के समक्ष चुनौतीया' विषय पर प्रकाश डालते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया। उद्घाटन सत्र एवं प्रदर्शनी अवलोकन के दौरान क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, सांसद विवेक बंटी साहू, जिला प्रभारी दीपांकर बैनर्जी, जिला वर्ग प्रभारी रमेश पोफली, पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड, जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी डॉ. श्रीकांत साहू, प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र परमार, वैशाली महाले, संतोष जैन, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेखा इन्द्रचन्द डागा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गढ़ा प्रीमियर क्रिकेट लीग का आगाज



**नवभारत, जबलपुर।** संजीवनी नगर लाल मैदान गढ़ा में गढ़ा प्रीमियर लीग सीजन-1 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज सोमवार को डॉक्टर एकादश बनाम शहीद भगत सिंह एकादश के मैच से हुआ। निर्धारित 8 ओवर के मैच में डॉक्टर एकादश की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 91 रन बनाए। 92 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसबीएस की टीम 74 रन ही बना पाई और मैच हार गई। उत्कृष्ट बल्लेबाजी के लिए इजराइल चाचा को मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार दिया गया। इस संबंध में आयोजकों ने नवभारत को बताया कि आईपीएल की तर्ज पर सबसे पहले प्रतियोगिता में 8 टीम ऑनर शामिल हुए जिसके बाद प्रतीकात्मक स्वरूप ऑक्शन हुआ जिसमें सभी 8 टीमों ने अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को अपनी अपनी टीम में शामिल किया। इसके बाद सोमवार को प्रतियोगिता का आगाज हो गया। इस दौरान कमेटी की ओर से शहबाज सिब्बा, नमन ठाकुर, अमर, शोभित, शैलेंद्र सोनू बड़गैयां, आमिर, अनवर, चेतन, दारा, अदनान, जानू अली, राहुल केवट सहित अन्य मौजूद रहे।



# सिधी सीमेंट वर्क्स को मिले 11 प्रतिष्ठित पर्यावरण अवॉर्ड

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश में अल्ट्राटेक की इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग यूनिट सिधी सीमेंट वर्क्स ने 35वें माइंस एनवायरमेंट एंड मिनरल कंजर्वेशन (एमईएमसी) वीक में अलग-अलग कैटेगरी में 11 अवॉर्ड हासिल किए हैं। खास तौर पर, हिनौती लाइमस्टोन माइन को ग्रुप ए (कैटेगरी तीन) में 'ओवरऑल फर्स्ट प्राइज' मिला है। यह सम्मान इंडियन ब्यूरो ऑफ माइंस के इवैल्यूएशन फ्रेमवर्क के तहत खनिज संरक्षण, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और पर्यावरण मॉनिटरिंग में लगातार बेहतर प्रदर्शन के लिए दिया गया है। इंडियन ब्यूरो ऑफ माइंस के तहत आयोजित इन अवॉर्ड्स को 28 फरवरी 2026 को सीधी सीमेंट वर्क्स को प्रदान किया गया।

**विभिन्न माइंस में व्यापक पौधारोपण अभियान-** अरगट लाइमस्टोन माइन में वित्तीय वर्ष के दौरान प्रोग्रेसिव माइन क्लोजर प्लान (पीएमसीपी) के तहत लगभग 2,000 पौधे लगाए गए। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2017-18 में खनन शुरू होने से अब तक यहां कुल 19,000 से ज़्यादा पौधे लगाए जा चुके हैं। वहीं, मझगवां लाइमस्टोन माइन और उसके एक्सटेंशन में भी लगातार पौधारोपण किया गया है, जहां 2009 से अब तक 41,000 से ज़्यादा पौधे लगाए जा चुके हैं। दूसरी ओर, बुढ़गौना एक्सटेंशन लाइमस्टोन माइन में इस साल 2,000 से ज्यादा पौधे लगाए गए, जिससे वित्तीय वर्ष 2017-18 से अब तक लगाए गए कुल पौधों की संख्या 12,000 से ज्यादा हो गई है। खनन क्षेत्र में बेहतर काम करने की दिशा में अल्ट्राटेक के प्रयास, इंडियन ब्यूरो ऑफ माइंस के सतत और ग्रीन माइनिंग तथा कुशल संचालन के लक्ष्यों के अनुरूप हैं। ये सम्मान कंपनी की लगातार सुधार और बेहतर संचालन के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हैं।

# भारत के वैश्विक आर्थिक और तकनीकी भविष्य की आधारशिला प्रस्तावना



**नवभारत, जबलपुर।** 21वीं सदी की वैश्विक अर्थव्यवस्था तेजी से डिजिटल, डेटा आधारित और कृत्रिम बुद्धिमत्ता संचालित मॉडल की ओर अग्रसर हो रही है। ऐसे समय में प्रत्येक राष्ट्र अपने आर्थिक ढांचे को आधुनिक तकनीकों, अंतरराष्ट्रीय निवेश और वैश्विक वित्तीय नेटवर्क से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। भारत भी इसी दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है और इस परिवर्तनकारी यात्रा में गुजरात स्थित गुजरात इंटरनेशनल फाईनेंस टैक सिटी एक ऐतिहासिक एवं रणनीतिक परियोजना के रूप में उभरकर सामने आई है। आज गिफ्ट सिटी केवल गुजरात या भारत की परियोजना नहीं रही, बल्कि यह 'नए भारत' की आर्थिक दृष्टि, तकनीकी नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की पहचान बन चुकी है। ये सारी बातें डॉ पुरुषोत्तम तिवारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहीं हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गिफ्ट सिटी भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय वित्तीय एवं तकनीकी स्मार्ट शहर है, जिसका उद्देश्य भारत को विश्वस्तरीय वित्तीय सेवाओं, अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग, फिनटेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल इकोनॉमी और ग्लोबल बिजनेस नेटवर्क का प्रमुख केंद्र बनाना है।

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)**

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइल हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियल कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

| देनदारों / सहदेनदारों का नाम | सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण | कुल बकाया.... रु. | डिमांड नोटिस तिथि | कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री महेंद्र चौधरी श्रीमती पूना बाई महेंद्र चौधरी (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10690977) | 1925 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाली भूमि का वह टुकड़ा मौजा कंदेली एन.बी.36 पटवारी हल्का संख्या 41 खसरा संख्या 228/166 और खसरा संख्या 229/4 कंदेली में स्थित है. तहसील नरसिंहपुर, जिला नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश 487001. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपति का प्रकार: क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): 1925 | रुपये 384431 (रु. तीन लाख चौरासी हजार चार सौ इकतीस मात्र) | 05-01-2026 | 22-05-2026 |
| श्री अभिनंदन विश्वकर्मा श्री चंद्रभान श्रीमती स्वाती विश्वकर्मा अभिनंदन विश्वकर्मा (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10725376) | पटवारी हल्का संख्या 16/06, खसरा संख्या 71/1, क्षेत्रफल 810 वर्ग फुट, ग्राम बर्मन, तहसील करेली, जिला नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश 487330, की पूरी संपति. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपति का प्रकार: भूमि क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल संपति क्षेत्रफल: 810.00, 420.00 | रुपये 327227 (रु. तीन लाख सताइस हजार दो सौ सत्ताइस मात्र) | 10-02-2026 | 22-05-2026 |

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी **ब्रांच आफिस:** 225, नेपियर टाउन, दूसरा माला अपोजिट चन्द्रिका टॉवर्स, शास्त्री ब्रिज रोड, जबलपुर-482001/या **कार्पोरेट ऑफिस**- प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग बिहार, गुड़गांव, हरियाणा.
स्थान- जबलपुर, दिनांक- 26-5-2026
प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

**कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा**

क्रमांक/ज.वि.वि./2026/102
खण्डवा, दिनांक 21/05/2026

**तृतीय ई-निविदा विज्ञप्ति**

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केंद्रीयकृत व्यवस्था में पंजीकृत ठेकेदारों के लिये निम्नलिखित कार्य हेतु निविदाएं ऑनलाईन आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य की निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_509579_1 | जल परिवहन कार्य हेतु ट्रैक्टर किराये पर लगाये जाने संबंध में। | 17.67 लाख | 13253/- | 2000/- | 12 माह |

निविदा ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक :- 02/06/2026 (शाम 5:30 बजे तक)
निविदा खोलने की दिनांक :- 04/06/2026 (प्रात: 10:30 बजे तक)
निविदा संबंधी समस्त जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो वह ऑनलाइन पोर्टल पर प्रदर्शित होगा, उसे पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम खण्डवा